तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **सोहन लाल जाखड़** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 35312211426O757	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
09/02/26	अपीलार्थी सोहन लाल जाखड़ निवासी जाखड़ो की ढाणी, नारवा तहसील व जिला जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 27.12.2025 जिला कलक्टर, जोधपुर द्वारा आदेश क्रंमाक प. 40 (35) सामान्य/2025/1959 दिनांक 04.11.2025 के अनुपालन में गठित संयुक्त जांच समिति द्वारा की गई कार्यवाही, जांच रिपोर्ट एवं की गई/प्रस्तावित कार्यवाही से सम्वन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने तथ्यात्मक रिपोर्ट 88 दिनांक 22.01.2026 द्वारा अवगत करवाया कि पूर्ण जांच रिपोर्ट कार्यालय हाजा को प्राप्त होने पर आवेदक को उपलब्ध करवादी जायेगी। जिसकी सूचना भी आवेदक को पत्र दिनांक 13.01.2026 द्वारा ऑनलाईन प्रेषित की जा चुकी है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील स्वीकार की जाकर संबंधित लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) एवं संबंधित शाखा प्रभारी को निर्देशित किया जाता है कि पूर्ण जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही आवेदक को 15 दिवस में सुचना उपलब्ध करवाई जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.02.09 16:28:29 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
20423440